भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरु मार्ग,
पुराना मिन्टो रोड, जाकिर हुसैन कॉलेज के पास,
नई दिल्ली-110002

TRAI

संख्या : 1–18/2015–प्रशासन एवं कार्मिक

दिनांक :24 अगस्त, 2015

सेवा में,

केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम,सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय ।

विषयः- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा),मुख्यालय, नई दिल्ली में सहायक, वेतनमान पीबी-2, 9300-34800 रुपये + ग्रेड पे 4200/- के पदों को अन्यत्र सेवा शर्तो के आधार पर प्रतिनियुक्ति से भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करना।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा), संसद के अधिनियम अर्थात् भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के अंतर्गत स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) की स्थापना दूरसंचार क्षेत्र को विनियमित करने, उपभोक्ताओं और सेवा प्रदाताओं के हितों का संरक्षण करने और क्षेत्र के व्यवस्थित विकास को प्रोत्साहित व सुनिश्चित करने के लिए की गई है। वर्ष 2004 में प्रसारण एवं केबल सेवाओं के क्षेत्र से संबंधित कार्यो को विनियमित करने की जिम्मेदारी भी भादूविप्रा को सौंपी गई।

2. संगठन की ओर से शुरू में दो वर्ष की अवधि के लिए अन्यत्र सेवा शर्तो के आधार पर प्रतिनियुक्ति पर, इसके नई दिल्ली मुख्यालय में सहायक के पद पर नियुक्ति हेतु अपेक्षित अनुभव वाले पदाधिकारियों का एक पैनल तैयार करने का प्रस्ताव है। योग्यता और अनुभव आदि के विवरण इस प्रकार हैः-

पद का नाम	**वेतनमान**	**योग्यता/पात्रता**
सहायक	पीबी-2: 9300-34800 + ग्रेड पे 4200/-, सरकारी नियमों के अनुसार साथ में भत्ते जैसे कि मँहगाई भता, आवास किराया भत्ता आदि।	केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक व स्वायत्त निकायों के पदधारक (i) जो समकक्ष पद पर हैं ***या*** (ii) पीबी-1: 5200-20200 रुपये+ग्रेड पे 1900 के वेतनमान में दस वर्षो की सेवा किया हो साथ में कंप्यूटर के कार्य साधक ज्ञान हो।

3. सभी केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों, सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से अनुरोध है कि ऐसे पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाओं कों चयन होने की स्थिति में तत्काल प्रभाव से भादूविप्रा को उपलब्ध कराई जा सकती है, की विगत पांच वर्षो की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एपीएआर/एसीआर) की सत्यापित प्रतियों और सतर्कता/अनुशासनात्मक दृष्टि से मुक्त प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र(भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है) भेजने की कृपा करें। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का स्पष्टतः उल्लेख करते हुए, आवेदन पत्र **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्रशासन एवं कार्मिक), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जे0एल0नेहरू मार्ग(पुराना मिंटो रोड), जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप, नई दिल्ली–110002 के पास दिनांक 24 सितम्बर 2015 तक या उससे पहले प्राप्त हो जाने चाहिए।**

भवदीय,

(एस0 एन0तिवारी)
वरि0 अनुसंधान अधिकारी (प्रशासन एवं कार्मिक)
दूरभाष नंबर : 011–23664213/फैक्स 23233017

सूचना के लिए आंतरिक वितरण

1. सचिव, भादूविप्रा के व0प्रनिस ।
2. तकनीकी अधिकारी (आईटी):– कृपया परिपत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट में अपलोड करने की कृपा करें ।